# मेवाड़ विश्वविद्यालय में एमयू व स्टार्ट-अप पर संगोष्ठी

गंगरार, 23 मार्च (जसं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय में स्टार्ट-अप कार्यशाला का आयोजन एमयू-स्टार्ट-अप समिति के सदस्य सुनील कुमार कठेरिया, चम्पा लाल, विजय उपाध्याय और अनुभव राठौड़ द्वारा महाराणा प्रताप सभागार में किया गया।



संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक सहीराम ने स्टार्ट अप एवं उद्यमिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यम के लिये प्रेरित करने हेतु एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। अन्य वक्ता मेवाड़ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र विजय गोदारा ने अपने स्टार्टअप (गोदारा पीपल्स सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर) की संपूर्ण संघर्ष यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने अपनी कम्पनी द्वारा एक करोड़ का टर्नओवर पूर्ण करने में आई कठिनाइयों और संघर्षों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में कुलसचिव बीएल स्वर्णकार, ओएसडी एच विधानी, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी, कृषि संकाय के डीन प्रोफेसर वाई सुदर्शन और ललित कला संकाय की डीन प्रोफेसर चित्रलेखा सिंह आदि उपस्थित थे। इस संगोष्ठी का आयोजन यूनी-फेस्ट 2022 के अवसर पर किया गया। प्रो. हरि सिंह चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए विश्वविद्यालयों में स्टार्ट अप शुरुआत के महत्व पर जोर दिया एवं सभी उपस्थित संकाय सदस्यों से कम से कम 5-10 स्टार्ट अप शुरु करने का आव्हान किया।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय एमयू-स्टार्टअप संगोष्ठी



गंगरार| मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड़गढ़ में स्टार्टअप कार्यशाला एमयू-स्टार्टअप समिति के सदस्य सुनील कुमार कठेरिया, चम्पालाल, विजय उपाध्याय और अनुभव राठौड़ के आतिथ्य में महाराणा प्रताप सभागार में किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के बीच स्टार्टअप शुरू करने की कार्य पद्धति के बारे समझ विकसित करना था। मुख्य वक्ता सहीराम, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र चित्तौड़गढ़ ने स्टार्टअप एवं उद्यमिता पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यम के लिए प्रेरित करने के लिए एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। मेवाड़ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र विजय गोदारा ने स्वयं के स्टार्टअप, (गोदारा पीपल्स सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर). की संपूर्ण संघर्ष यात्रा का वर्णन करते हुए कम्पनी द्वारा एक करोड़ का टर्नओवर पूर्ण करने में आई कठिनाइयों से अवगत कराया। कार्यक्रम में कुलसचिव श्री बीएल स्वर्णकार, ओएसडी एच विधानी, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के डायरेक्टर हरीश गुरनानी, कृषि संकाय के डीन प्रोफेसर वाई सुदर्शन और ललित कला संकाय की डीन प्रोफेसर चित्रलेखा सिंह आदि उपस्थित थे। इस संगोष्ठी का आयोजन यूनी-फेस्ट 2022 के अवसर पर किया गया था। प्रो. हरिसिंह चौहान ने धन्यवाद प्रस्ताव देते हुए विश्वविद्यालयों में स्टार्ट अप शुरुआत के महत्व पर जोर दिया। उपस्थित संकाय सदस्यों से कम से कम 5-10 स्टार्ट अप शुरू करने का आह्वान किया।